# 5. जल

**अभ्यास-प्रश्नावली**

**प्रश्न 1: निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**(i) वर्षण क्या हैं ?**

**उत्तर :** वायुमंडल द्वारा पृथ्वी की सतह पर इकट्ठी हुई आर्द्रता को वर्षण कहते हैं | यह वर्षा, हिमपात, सहिम वृष्टि आदि के रूप में हो सकती हैं|

**(ii) जलीय चक्र क्या हैं?**

**उत्तर :** जिस प्रक्रम में जल लगातार अपने स्वरूप को बदलता रहता हैं और महासागरो, वायुमंडल एवं धरती के बीच चक्कर लगाता रहता हैं, उसको जलीय चक्र कहते हैं|

**(iii) तरंगो की ऊँचाई प्रभावित करने वाले कारक कौन-से हैं?**

**उत्तर :** (क) पवन की गति ,(ख) भूकंप ,(ग) ज्वालामुखी उद्गार और (घ) जल के नीचे भूस्खलन|

**(iv) महासागरीय जल की गति को प्रभावित करने वाले कारक कौन – से हैं?**

**उत्तर :** (i) तापमान (ii) पृथ्वी का घूर्णन |

**(v) ज्वार-भाटा क्या हैं तथा यह कैसे होते हैं?**

**उत्तर :**

(i) दिन में दो बार नियम से महासागरीय  जल का उठना एवं गिरना ज्वार-भाटा कहलाता हैं|

(ii) सूर्य एवं चंद्रमा के शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण बल के कारण पृथ्वी की सतह पर ज्वार-भाटे आते हैं|

**(vi) महासागरीय धाराएँ क्या हैं?**

**उत्तर :** महासागरीय धाराएँ निश्चित दिशा में महासागरीय सतह पर नियमित रूप से बहने वाली जल की धराये हैं|

**प्रश्न 2: सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए –**

**(i) वह प्रक्रम जिसमे जल लगातार आपने स्वरूप को बदलता रहता हैं |**

**उत्तर :** (क) जल चक्र |

**(ii) सामान्येतः गर्म महासागरीय धाराएँ उत्पन्न होती :**

**उत्तर :** (ख) भूमध्यरेखा के निकट |

**(iii) दिन में दो बार नियम से महासगरिय जल का उठना एवं गिरना कहलाता हैं|**

**उत्तर :** (क) ज्वर-भाटा |

**प्रश्न : 3 निम्नलिखित स्तंभों को मिलाकर सही जोड़ें बनाइए –**

| | |
|---|---|
| **(i) कैस्पियन सागर** | **(क) विशालतम झील** |
| **(ii) ज्वर-भाटा** | **(ख) जल में आवधिक चढ़ाव एवं उतार** |
| **(iii) सुनामी** | **(ग) तीव्र भूकंपी तरंगे** |
| **(iv) महासागरीय धाराएँ** | **(घ) निश्चित मार्ग में प्रवाहित होने वाली जल धाराएँ** |

**उत्तर :**

(i) (क)

(ii) (ख)

(iii) (ग)

(iv) (घ)

**प्रश्न : 4 कारण बताइए-**

**(i) समुद्री जल नमकीन होता हैं?**

**उत्तर :** क्योकि इसमें अधिकांशतः लवण के रूप में सोडियम क्लोराइड या खाने में उपयोग किया जाने वाला नमक घुला होता हैं|

**(ii) जल की गुणवत्ता का ह्रास हो रहा हैं |**

**उत्तर :**

(i) नदियों में कूड़ा-करकट फेंक दिया जाता हैं|

(ii) उद्योग से रसायन व प्रदूषित जल की निकासी नदियों में होती हैं|

(iii) खेतो से कीटनाशकों के हानिकारक जीवाणु जल द्वारा बहते हुए नदी में आकर मिलते है|

(iv) जली व अधजली लाशें तथा जानवर तालाब, नदी अथवा समुद्र में फेंक देते हैं|